# कार्यकर्ता से राज्यपाल बना, बचपन के संस्कारों से ही मिली राह : कटारिया



अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन बीकानेर ईकाई के तत्वावधान में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का नागरिक अभिनंदन किया।

- वैश्य समाज ने पंजाब राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का नागरिक अभिनंदन किया
- कटारिया ने गुरूजनों, साधु-संतों व भगवंतों के दिखाये मार्ग पर चलने की नसीहत दी

**बीकानेर,** (कासं)। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन बीकानेर ईकाई के तत्वावधान में पंजाब के राज्यपाल व प्रशासक चण्डीगढ़ गुलाबचंद कटारिया को वैश्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। वैश्य समाज के विभिन्न घटकों के प्रतिनिधि संस्थाओं सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। इस समारोह में दीप प्रज्ज्वलन के बाद महिला ईकाई महामंत्री सरिता नाहटा नेतृत्व में स्वागत गीत का गायन किया।

रानी बाजार स्थित खचाखच भरे रिद्धि-सिद्धि भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में अध्यक्ष विनोद बाफना सहित बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास, श्रीडूंगरगढ विधायक ताराचंद सारस्वत, नोखा के पूर्व विधायक कन्हैयालाल झंवर, डीआईजी जेल सुमन मालीवाल, वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष मित्तल इस समारोह में राज्यपाल के साथ मंच पर उपस्थित रहे। वैश्य समाज सहित अन्य समाजों में स्मृति चिन्ह शॉल साफा पहनाकर महामहिम एवं अन्य उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने सभागार में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि ये बड़े ही गौरव की बात है कि समाज में मुझे मान व सम्मान दिया। मैं आप ही तरह एक सामान्य कार्यकर्ता का जीवन जीते जीते आज राज्यपाल बना हूं तो इसके पीछे मुझे बचपन से ही मिले संस्कार एक नई राह दिखाते हैं। 26 सौ वर्षों से आज भी हमारा वजूद कायम है तो वो केवल हमारे गुरूजनों, साधु संतों व भगवंतों के दिखाये गए मार्ग पर चलने की वजह से कायम है। हमारे साधु संत कष्टों को सहते हैं, उनके पास कोई धन या दौलत नहीं होती, होती है तो सिर्फ त्याग व तपस्या व समर्पण। वे इसी को साथ लेकर समाज का कल्याण करते है।

मैं समाज का एक मात्र राज्यपाल हूं। यह मेरी नैतिक जिम्मेदारी भी है कि मेरे कर्म की वजह से समाज को कोई दाग न लगे। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद बाफना ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि हमारे लिए बड़े ही गौरव की बात है कि हमारे बीच राज्यपाल उपस्थित है। समाज इनका नागरिक अभिनंदन कर गौरवान्वित है। मैं देश की सेना शौर्य व पराक्रम को सलाम करता हूं। ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरणा लेकर समाज में सिंदूर के महत्व को चरितार्थ करने के लिए जल्द ही समाज की 26 कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाने का सकंल्प लेते है जिसकी क्रियान्विती जल्द ही कर दी जायेगी। राज्यपाल के व्यक्तित्व का परिचय देते हुए संस्था के वरिष्ठ सदस्य विजय बाफना ने प्रशस्ति पत्र का वाचन करते हुए कि कटारिया के जीवन से नवंकुर युवाओं को राजनीति में आने के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। महामहिम इस सभागार में आपके स्वागत में बड़ी संख्या में युवा मौजूद है। इस बात का घौतक है कि आप युवाओं रॉल मॉडल हैं, प्रेरणा पुंज है मार्गदर्शक है पथ प्रदर्शक हैं।

कार्यक्रम में एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन सुराणा व प्रदेश मंत्री राजेश गोयल व विनोद गोयल ने अपनी महती भूमिका निभाई। मुख्य विंग के महामंत्री किशन लोहिया व सहयोगी विनय हर्ष के कुशल मंच संचालन से कार्यक्रम की गरिमा और भी बढी है। समारोह में युवा ईकाई अध्यक्ष मुदित खंजाची, महामंत्री किशन अग्रवाल ने युवाओं का नेतृत्व किया व सक्रिय रहे। सम्मान करने वाली सामाजिक संस्थाओं में मुख्यत: खण्डेलवाल समाज, विजयवर्गीय समाज, महात्मा समाज, अग्रवाल समाज, जैन महासभा के सुरेन्द्र जैन सहित माहेश्वरी समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अन्य संस्थाओं में श्री पुनरासर हनुमानजी पुजारी ट्रस्ट के मंत्री महावीर बोथरा सहित चन्दन मल बोथरा, पवन बोथरा व सह मंत्री मोतीलाल बोथरा व व्यापार उद्योग मण्डल के सचिव संजय जैन मौजूद थे।

## नशे के 3920 कैप्सूल सहित दबोचा

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। पुरानी आबादी पुलिस ने कैप्सूल की बड़ी मात्रा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से नशे के 3920 कैप्सूल और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

इस कार्रवाई में डीएसटी सेकंड के कांस्टेबल राजेंद्र कुमार की विशेष भूमिका रही। डीआईजी गौरव यादव ने बताया कि पुरानी आबादी में यूआईटी कॉलोनी पार्क के निकट निवासी 21 वर्षीय संदीप सिंह उर्फ शिबू पुत्र सुखदेव सिंह मजहबी सिख और 32 वर्षीय रविकुमार उर्फ गिदू पुत्र राजकुमार को कुंज विहार में गश्त के दौरान पकड़ा।

एएसआई सुंदरलाल, रीडर चरणसिंह और कांस्टेबल बलवीर सिंह की टीम ने आरोपियों के पास से जिला मजिस्ट्रेट की ओर से प्रतिबंधित घटक के नशे के काम लिए जा रहे 3920 कैप्सूल बरामद किए। दर्ज किए गए मुकदमे की जांच एएसआई रोशनलाल को सौंपी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी संदीप सिंह के दो भाई और भी थे। इनमें से एक की करीब एक साल पहले हेरोइन के इंजेक्शन की ओवर डोज से मौत हो गई थी। इसके बावजूद उसने नशे की तस्करी से खुद को अलग नहीं किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि रोज के 5 से 7 डिब्बे कैप्सूल बेच देते हैं। एक रैपर 230 रूपए में फुटकर में नशेडियों को बेचा जाता है। अगर कोई पूरा डिब्बा खरीदे तो उसे 2300 रूपए और फुटकर में पूरा डिब्बा 4600 रूपए में बिक जाता है।

## सार-समाचार

### कटारिया को गार्ड ऑफ ऑनर



बीकानेर में नाल हवाई अड्डे पर पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

**बीकानेर,** (कासं)। पंजाब के राज्यपाल एवं प्रशासक यू.टी. चंडीगढ़ गुलाबचंद कटारिया शुक्रवार सुबह नाल एयरपोर्ट पहुंचे। जहां उन्हें पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यहां पहुंचने पर कटारिया को श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर, सुमन छाजेड़, श्याम पंचारिया, डॉ लोकेश, ललित चतुर्वेदी, सत्यप्रकाश आचार्य, विजय आचार्य, महावीर रांका, मोहन सुराणा, गोकुल जोशी, नारायण चौपड़ा, श्रीभगवान अग्रवाल, गोपाल गहलोत, श्याम सुंदर चौधरी, विनोद बाफना, अशोक प्रजापत, सुभाष मित्तल, विनोद धामुका, दीपक पारीक, संपत पारीक, पुनीत शर्मा, गोपाल अग्रवाल समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने बुके भेंटकर उनकी अगवानी की।

### 'सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं'



जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कलेक्टर डॉ. मंजू ने संबोधित किया।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये अभी तक हुई गतिविधियों और कार्यक्रमों की समीक्षा कर पुलिस, यातायात, पीडब्लयूडी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना के माध्यम से पुरस्कृत किया जाये। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने कहा कि जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये संबंधित विभाग समुचित कार्यवाही करें। सड़क दुर्घटना होने पर पुलिस, स्वास्थ्य सहित संबंधित विभाग तत्काल पहुंचे और घायलों का जीवन बचाने के लिये आवश्यक कार्यवाही की जाये। यातायात व्यवस्था में सुधार के लिये सभी के सहयोग को आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा कि बैक स्पॉट निरीक्षण में मिली कमियों का समुचित निस्तारण किया जाए। रोडवेज बसों के नियमानुसार संचालन के निर्देश देते हुए यादव ने कहा कि नियमित रूप से वाहनचालकों की नेत्र जांच करवाई जाए। इस दौरान आईआरएडी मैनेजर हरविन्दर सिंह द्वारा पीपीटी के माध्यम से एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस की जानकारी दी गई। बैठक में एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, प्रशिक्षु आईएएस अदिति यादव, पीडब्लूयूडी एसई भीमसेन स्वामी, सीओ ट्रैफिक रमेश माचरा, डीटीओ देवानंद, डॉ. अजय सिंगला, नगरपरिषद आयुक्त रविन्द्र यादव, रीको आरएम एमसी मीणा, नगर विकास न्यास एक्सईन सुरेन्द्र पूनिया, मंगत सेतिया, यशिका चौधरी, एनएचएआई अधिकारियों सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्रयाण यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**बीकानेर,** (कासं)। गंगाशहर सेवा केन्द्र में विराजित साध्वी कीर्तियशा का अंतिम संस्कार पुरानी लेन ओसवाल मुक्तिधाम में किया गया। 28 मई को सायं 7 बजे चौविहार प्रत्याख्यान व तिविहार संथारे में देवलोकगमन हो गया। आचार्य महाश्रमण की आज्ञा से 27 मई को दोपहर 3:47 बजे तिविहार संथारा का प्रत्याख्यान उग्र विहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार ने करवाया था। साध्वी कीर्तियशा की प्रयाण यात्रा से पूर्व मुनि कमल कुमार, साध्वी विशदप्रज्ञा, साध्वी लब्धियशा, शासनश्री साध्वी मंजूप्रभा, शासनश्री साध्वी कुन्थुश्री की सहवृति साध्वियां ने गीतिका का संगान करके साध्वी कीर्तियशा के गुणों का यशज्ञान किया। गंगाशहर के डागा परिवार में जन्मी 63 वर्षीय साध्वी कीर्तियशा पिछले कुछ वर्षो से असाध्य बीमारी से जूझ रही थी। सोहनलाल-झमकू देवी डागा की पुत्री कस्तूरी का जन्म 20 अक्टूबर 1962 को गंगाशहर में हुआ। साध्वी कीर्तियशा की प्रयाण यात्रा गुरुवार को प्रात: 8 बजे शान्ति निकेतन सेवा केन्द्र से रवाना होकर भंसाली भवन से होकर बोथरा भवन के बाहर मुनि कमल कुमार स्वामी ने प्रेरक उद्बोधन दिया व मंगलपाठ सुनाया। उसके बाद बैकुंठी यात्रा मुख्य बाजार से होते ओसवाल मुक्तिधाम पंहुची। मुखाग्नि उनके भाई धर्मचन्द, आशकरण डागा, संजय, महेंद्र, पंकज, मुकेश डागा, चिराग, विभु, गर्वित ने दी। प्रयाण यात्रा में तेरापंथी सभा गंगाशहर, महिला मंडल, तेरापंथ युवक परिषद आदि संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने अपनी भागीदारी निभाई।

### खेल मैदान की जमीन पर कब्जा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले की ग्राम पंचायत मानकसर के ग्रामीणों ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय और उसके सामने स्थित खेल मैदान की जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश का आरोप लगाया है। ग्रामीण ने इस संबंध में शुक्रवार को बैठक कर मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल और खेल मैदान की जमीन की सुरक्षा की जाए। दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो ताकि बच्चों की पढ़ाई और ग्रामीणों की खेल गतिविधियां प्रभावित न हों। ग्रामीणों ने आरोप है कि इस पूरे मामले में सूरतगढ़ बीडीओ अपेक्षित कार्रवाई नहीं कर रहे। ग्रामीणों ने बताता कि यह राजकीय स्कूल वर्ष 1967 से संचालित है। इसका पट्टा वर्ष 2001 में जारी हो गया था। स्कूल के सामने अनूपगढ़ सड़क के दूसरी ओर खेल मैदान है। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में कुछ लोगों ने बीडीओ सूरतगढ़ से शिकायत की। इसके बाद पंचायत समिति की कमेटी गठित की गई। ग्रामीणों का कहना है कि इस कमेटी पर स्कूल का पट्टा निरस्त करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इस मामले को लेकर हुई ग्रामीणों की बैठक में प्रभुदयाल नायक, अजय गोदारा, ओमप्रकाश पूनिया, पूर्व सरपंच प्रमोद कड़वासरा, आलोक बिश्नोई, पूर्व कॉलेज अध्यक्ष मुकेश कड़वासरा, बृजलाल कड़वासरा, कृष्णलाल, धर्मपाल शर्मा, बलदेव गोदारा, भोलूराम गोदारा, जगदीश गोदारा, मनफूल भादू, वार्ड पंच पवन, रतिनाथ सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## धोखाधड़ी के तीन आरोपियों में से एक को 4 साल की सजा

- कोर्ट ने माना कि पुलिस ने त्रुटिपूर्ण जांच की है जिसके लिए कलेक्टर को कार्यवाही के लिए लिखा जायेगा

धोखाधड़ी के तीन आरोपियों में से एक को 4 साल की सजा

-तीनों ही फरार, पुलिस ने जांच में लापरवाही बरती

**बीकानेर,** (कासं)। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक ने 13 साल पहले धोखाधड़ी से चांदी हड़पने के मामले में फरार चल रहे तीन में से एक आरोपी को चार साल के कारावास और दो लाख रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

तीन में से दो आरोपी तारीख पेशी पर नहीं आ रहे थे और फैसले के दौरान तीसरा आरोपी भी फरार हो गया। कोर्ट ने माना है कि पुलिस ने त्रुटिपूर्ण जांच की है जिसके लिए कलेक्टर को आवश्यक कार्यवाही के लिए लिखा जायेगा। परिवादी रामेश्वर सिंह ने वर्ष 2012 में नयाशहर थाना पुलिस को रिपोर्ट दी थी कि वह जोधपुर में चांदी के जेवर का काम करता है। 15 दिन पहले उसके पास दलपत चौधरी का फोन आया और उसने चांदी के जेवर आर्डर किए। 10 दिसम्बर 2012 को सुबह वह प्रतापसिंह के साथ बीकानेर पहुंचा तो दलपत ने मोबाइल पर बताया कि वह सूरतगढ़ गया हुआ है और अपने भाई राजेन्द्र के मोबाइल नंबर दे दिए।

राजेन्द्र से फोन पर बात कर रामपुरा बस्ती स्थित उसकी दुकान पर पहुंचे और करीब 14 किलो नगीने लगी चांदी की पायजेब उसे दी। वहां दिनेश नाम का शख्स भी बैठा था। दोपहर करीब दो-ढाई बजे राजेन्द्र और दिनेश चांदी लेकर चले गए और वापस नहीं लौटे। पुलिस ने इस मामले की जांच की तो सामने आया कि दलपत, राजेन्द्र और दिनेश तीनों ही छदम नाम थे। उन्होंने योजना बनाकर 14 किलो चांदी हड़प ली और फरार हो गए।

वास्तव में जोधपुर निवासी सुरेश सोनी, नागौर निवासी अशोक सुथार और जायल निवासी जगदीश जाट ने योजना बनाकर परिवादी को धोखा दिया। आरोपियों ने किशनगढ़ में चंदू वैध और हड़मान सोनी को चांदी बेच दी थी। पुलिस ने सुरेश सोनी, अशोक सुथार और जगदीश जाट को गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश कर दिया। सुरेश सोनी के पिता जगदीश सोनी, खरीदार चंदू और हड़मान के खिलाफ अनुसंधान जारी बताया। बाद में केवल जगदीश सोनी के खिलाफ तितंबा चार्जशीट पेश की।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान अशोक सुथार जगदीश जाट ने तारीखों पर आना बंद कर दिया और फरार हो गए। फैसले के दौरान सुरेश सोनी भी नहीं आया। उसके पिता जगदीश सोनी मौजूद थे, जिन्हें बरी किया गया।

## वार्ड 77 में गंदगी से परेशान

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर शहर के वार्ड नंबर 77 की मुख्य सड़क, सामुदायिक भवन बड़ी गुवाड़ के पास, पिछले दो हफ्ते से कचरे के ढेर से अटी पड़ी है। इस गंदगी के कारण मोहल्ले में रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बीकानेर कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल जादुसंगत ने कहा कि आसपास आवारा पशुओं का जमावड़ा बना रहता है, जिससे राहगीरों को भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें स्थानीय निवासियों व रहगीरों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राहुल जादुसंगत ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण उठती बदबू से पूरे वार्ड में दुर्गन्ध फैली हुई है, जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा है। इस स्थिति पर नगर निगम प्रशासन की उदासीनता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि रात के समय अंधेरे में कई बुजुर्ग महिलाएं इस कचरे के कारण फिसलकर गिर चुकी हैं, जिससे वार्डवासियों में आक्रोश है। कचरे से फैली दुर्गन्ध ने वातावरण को दूषित कर दिया है।

## पांच लाख की फिरौती नहीं देने पर हमला

- जान से मारने की धमकी देकर 5 लाख रूपये की फिरौती मांगी

**बीकानेर,** (कासं)। दुकानदार से 5 लाख की फिरौती मांगने और नहीं देने पर जानलेवा हमला करने का मामला नयाशहर पुलिस थाने में दर्ज किया गया है।

सोनगिरी कुआ के पास रहने वाले गिरिराज खत्री की ओर से पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि उसकी दूध की दुकान है। 19 मई की रात करीब 11.30 बजे वह अपनी दुकान में बैठा था। इस दौरान मोईन खान ने फोन कर कहा कि तेरी सरोज दूध भण्डार नाम से दुकान है। उसकी फिरौती के रूपये नहीं दिये है। सभी लोग मार्केट में मुझे फिरौती के रूपये देते हैं। जान से मारने की धमकी देकर 5 लाख रूपये की फिरौती मांगी। इसके बाद रात को वह अपने दोस्त मूलचंद के साथ उसकी गाड़ी में सवार होकर जा रहा था।

दुकान से थोड़ा आगे दुर्गा ज्वैलर्स के पास पहुंचे तो मोईन खान, उसका भाई व तीन चार अन्य लोग घात लगा करके बैठे थे। मोईन खान व उसके साथियों ने 5 लाख रूपये व शराब पीने के लिए रूपये मांगे। मित्र मूलचंद ने रूपये देने से मना किया तो जानलेवा हमला कर दिया। लोहे के पाइपों से गाडी में तोड़-फोड की। शीशे तोड़ दिये और जेब से 5000 रूपये निकाल लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**लापता युवक का नहीं लगा सुराग :** गंगाशहर के चौपड़ा बाड़ी में रहने वाले 26 वर्षीय अरूण पंचारिया का पाच दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। अरूण के परिजनों ने गंगाशहर थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट कराई है। गंगाशहर थाना पुलिस ने बताया कि गुमशुदा अरूण पंचारिया 26 मई को अपने घर से ऑफिस का कहकर निकला था, जो अभी तक घर नहीं लौटा।

## हिसाब को लेकर चचेरे भाईयों ने की मारपीट

- दादी के निधन पर खर्च को लेकर भाईयों में मारपीट
- हिसाब को लेकर हुई मारपीट का मामला थाने तक पहुंचा

**नोखा,** (कासं)। दादी के निधन के बाद होने वाले खर्च को लेकर भाईयों में विवाद हो गया। नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। जिसके बाद एक पक्ष ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है।

नोखागांव निवासी सुनिल विश्नोई ने रिपोर्ट देकर बताया कि 23 मई को उनकी दादी ईमा देवी का निधन हो गया था। 25 मई को खर्च का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद शाम करीब 4 बजे हिसाब-किताब चल रहा था। इस दौरान उनके चाचा फूलाराम, किसनलाल और उनके बेटे अनेश, रमेश और राकेश ने हिसाब को लेकर विवाद शुरू कर दिया।

रिपोर्ट में बताया गया कि इसके बाद सभी आरोपी लोहे के पाइप, लाठियां, ईंट और पत्थर लेकर सुनिल के घर में घुस गए। उन्होंने सुनिल, उनकी मां और बहन पूजा के साथ मारपीट की। फूलाराम, किशनाराम, राकेश और रमेश ने सुनिल की जेब से 10,300 रूपए छीन लिए। उन्होंने सुनिल की सोने की चैन भी तोड़कर ले ली। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उनके परिवार से रंजिश रखते हैं।

## 500 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार

**नोखा,** (कासं)। नोखा के पांचू थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसपी कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशन में थानाधिकारी रामकेश मीणा की टीम ने बीकानेर निवासी राजेन्द्र बिश्नोई को 500 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया है।

इससे पहले रात को भी पांचू पुलिस ने भारत माला सड़क मार्ग पर खानूवाली निवासी बीरबल को दो किलो डोडा पोस्त के साथ पकड़ा था। पुलिस लगातार मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। अब पुलिस टीम अफीम बरामदगी से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश में जुटी है। इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल रामनिवास, पप्पूराम, धन्नाराम, गणेश सहित अन्य जवान शामिल थे।

## अस्पतालों का निरीक्षण आज करेगा 4 सदस्यीय दल

- अस्पताल में सफाई व्यवस्था और मरम्मत के कार्यों का जायजा लेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। प्रदेशभर में मेडिकल कॉलेजों के अधीन सरकारी अस्पतालों का सघन निरीक्षण होगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इसके लिए जिलेवार 28 दल बनाए हैं। चार से पांच सदस्य हर जिले में जायेंगे।

अतिरिक्त निदेशक नरेश गोयल, डॉ. गोपाल झालानी, सहायक आचार्य राजमेस, सुरेश यादव सहायक सांख्यिकी अधिकारी और भगवान दास माकले, निर्माण प्रबंधक सिविल को बीकानेर मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी दी गई है। ये चारों अधिकारी शुक्रवार सुबह बीकानेर आयेंगे तथा पीबीएम हॉस्पिटल, जिला अस्पताल और गंगाशहर सैटेलाइट हॉस्पिटल का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान अस्पताल में सफाई व्यवस्था और मरम्मत के कार्यों का जायजा लेंगे।

चिकित्साधिकारियों की बैठक भी लेंगे। उसके बाद संभागीय आयुक्त और कलेक्टर से भी चर्चा करेंगे। विभाग के शासन सचिव अंबरीश कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। गौरतलब है कि पीबीएम हॉस्पिटल के सी वार्ड में टायलेट की छत एक साल से टूटी पड़ी है। छतों पर सोलर पैनल लगाने के कारण सफाई नहीं हो पा रही है, जिससे बारिश होने पर पानी इकट्ठा होता है और पीबीएम के वार्डों में टपकता रहता है। ट्रोमा सेंटर में मरम्मत का काम अब तक अधूरा पड़ा है। बिजली की मेंटिनेंस सही नहीं है।

कैंसर हॉस्पिटल में पिछले दिनों पैनल में आग लगने से पूरा हॉस्पिटल खाली कराना पड़ा था। यूरोलॉजी विभाग की बिल्डिंग की मरम्मत को लेकर अब तक कोई प्रयास नहीं हो पाए हैं। एसएसबी की बिल्डिंग में भी फाल्स सीलिंग कई जगह से उखड़ी पड़ी है। पिछले माह चिकित्सा शिक्षा सचिव अंबरीश कुमार ने इन सभी स्थानों का निरीक्षण किया था। अव्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन की खिंचाई भी की थी।

## 'ऊंटनी के दूध को डेयरी व्यवसाय के रूप में अपनाये जाने की जरूरत'




विश्व दुग्ध दिवस के उपलक्ष पर कार्यशाला को एन.आर.सी.सी. के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनिया ने संबोधित किया।

- ऊंटनी के दूध पर अनुसंधान हेतु उद्देश्यों का निर्धारण विषयक पर व्याख्यान

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एन.आर.सी.सी.) द्वारा विश्व दुग्ध दिवस के उपलक्ष पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में वचुअर्ल रूप से जुड़ते हुए अतिथि वक्ता कुलदीप शर्मा, संस्थापक एवं सी.टी.ओ., सुरूचि कंसल्टेंट्स, नोयड़ा, नई दिल्ली ने ऊंटनी के दूध पर अनुसंधान हेतु उद्देश्यों का निर्धारण' विषयक व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत का कुल दूध उत्पादन 239.3 मिलियन मैट्रिक टन है। इसे दृष्टिगत रखते हुए गैर-गौवंशीय दूध को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इस दिशा में ऊंटनी के दूध को डेयरी व्यवसाय के रूप में अपनाए जाने की आवश्यकता है।

इसके लिए दूध संग्रहण, प्रसंस्करण, प्रचुर मात्रा में उत्पादन, सप्लाई चैन विकसित करना, दूध से निर्मित स्वास्थ्यप्रद तथा कॉस्मेटिक जैसे नवाचारी उत्पादों का विपणन आदि पहलुओं पर अपेक्षित ध्यान देना होगा। अतिथि वक्ता ने कहा कि ऊंटनी के दूध के औषधीय महत्व को देखते हुए भारत में इस दूध के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु और अधिक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। जब उपभोक्ता बढ़ेंगे तो बाजार में इसके दूध की स्वत: मांग बढ़ेगी। जिससे ऊंट पालकों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति में भी महत्वपूर्ण सुधार लाया जा सकता है।

डॉ. पूनिया ने ऊंटनी के दूध में मानवीय रोगों जैसे-मधुमेह, क्षय व ऑटिज्म में इसकी कारगरता तथा एन.आर.सी.सी. द्वारा दूध को बढ़ावा दिए जाने हेतु किए जा रहे व्यावहारिक पहलुओं को सदन के समक्ष रखा। इन सभी गैर-गौवंशीय पशुओं के दूध के प्रति जागरूकता बढ़ाने व इन्हें दूध व्यवसाय के रूप में अपनाने की बात कही। पूनिया ने 'गैर-गौवंशीय दूध का महत्व' विषयक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

## चित्रकारी देख कलेक्टर अभिभूत

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर जिला उद्योग संघ में आयोजित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यक्रम में पहुंची जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने वहां बनी आर्ट गैलेरी देख प्रभावित हुई।

जिला कलेक्टर आर्ट गैलेरी में बनी ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी एवं विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तस्वीर देख अभिभूत हुई। कलेक्टर ने बताया कि भारत पाक के इस युद्ध की घड़ी में महिलाओं द्वारा युद्ध की कमान संभालना पूरे देश की महिलाओं के लिए गौरव का विषय है और प्रेरणास्पद भी है। संघ अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि बीकानेर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व पर्यटन स्थलों, यहां के उद्योग धंधे, देश की ख्यातनाम हस्तियां मदर टेरेसा, महात्मा गांधी, डॉ करणीसिंह, महाराणा प्रताप, शिवाजी महाराज, रानी लक्ष्मी बाई, शहर की विरासतों को एक ही छत के नीचे फोटो आर्ट गैलेरी में दर्शकों के लिए स्थापित किया है।

**विज्ञापन संख्या 19/2025**

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रतिनियुक्ति के आधार पर अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता के पद को भरा जाना**

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय प्रतिनियुक्ति के आधार पर अधीक्षण अभियंता का 01 (एक) पद वेतन स्तर 13 तथा अधिशासी अभियंता का 01 (एक) पद वेतन स्तर-11 पर भरने हेतु इच्छुक है। अधिक जानकारी अर्थात पात्रता मानदंड, योग्यता तथा निबंधन एवं शर्तों के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन की वेबसाइट www.kvsangathan.nic.in एवं रोजगार समाचार के दिनांक 31 मई- 06 जून, 2025 के संस्करण में देखें।

संयुक्त आयुक्त (प्रशासन)

CBC 21106/12/0001/2526